सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-636
26/12/2017

# मुख्यमंत्री ने मीठापुर आर0ओ0बी0 एवं चिरैयाटांड फ्लाई ओवर के बीच नवनिर्मित स्टेशन रोड फ्लाई ओवर को जनता को किया समर्पित

पटना, 26 दिसम्बर 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज मीठापुर आर0ओ0बी0 एवं चिरैयाटांड फ्लाई ओवर के बीच नवनिर्मित स्टेशन रोड फ्लाई ओवर का उद्घाटन फीता काटकर किया। शिलापट्ट अनावरण कर जनता को यह फ्लाई ओवर समर्पित किया गया। इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सबसे पहले मैं कार्यक्रम के लिए पथ निर्माण मंत्री श्री नंदकिशोर यादव, पुल निर्माण निगम और पथ निर्माण विभाग को बधाई देता हूँ। इस स्टेशन रोड फ्लाई ओवर के निर्मित होने से कितना लाभ है, इसको समझा जा सकता है। जंक्शन के आसपास काफी भीड़ रहती थी और लोगों को यहां पर काफी परेशानी होती थी, उससे छुटकारा दिलाने के लिए इस फ्लाई ओवर का निर्माण हुआ है। पहले कंकड़बाग से इस तरफ दिन में एक बार आना और फिर लौटना कितना मुश्किल था, अब कंकड़बाग में भी फ्लाई ओवर के निर्माण से लोगों को काफी सुविधा हुई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्टेशन के उत्तर इस फ्लाई ओवर का निर्माण हो गया और अब स्टेशन के दक्षिण तरफ भी निर्माण का निर्णय लिया गया है और वह तेजी से पूरा होगा। पटना मेट्रो के लिए भी हम लोग प्रयासरत हैं, पॉलिसी में बदलाव हुआ है इसलिये दुबारा प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा जाएगा। नगर विकास विभाग इसमें लगा हुआ है। अभी केंद्रीय शहरी एवं आवासन मंत्री पुरी साहब आए हुए थे, उनसे विस्तार से चर्चा हुई है। उन्होंने कहा है कि जब नया प्रस्ताव पहुंचेगा तो उसे न्यूनतम समय में मंजूरी दे दी जाएगी। हमलोग पहले से ही इस तरह की योजना बनाए हुए हैं कि फ्लाई ओवर और मेट्रो के रूट में कोई परेशानी ना हो। फ्लाई ओवर के नीचे खुला रखा गया है। लोहिया पथ चक्र बन रहा है, जिससे लोगों की परेशानी दूर हो जाएगी। एक्जीविशन रोड फ्लाई ओवर से जुड़ जाने से गांधी मैदान तक इस फ्लाई ओवर के माध्यम से लोग आसानी से आ–जा सकते हैं। ऊपर कार्नर पर रिंग कनेक्टीविटी के लिए विचार हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2031 तक पटना महानगर की अनुमानित जनसंख्या 60 लाख से अधिक हो जायेगी। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन बाहर से भी लाखों की संख्या में लोग आते–जाते रहते हैं इसलिए आवागमन की एक–एक चीजों पर ध्यान रख रहे हैं। हमलोग आंकलन करवा रहे हैं कि बाईपास सड़क के ऊपर फ्लाई ओवर का निर्माण हो, जिससे स्ट्रेट वे में एन0एच0 से संपर्क सीधा बना रहे। अंतर्राष्ट्रीय स्तर का नया बस टर्मिनल भी बन रहा है, स्टेशन आने के लिए किसी को असुविधा ना हो, इसके लिए फ्लाई ओवर बनेगा। बिहटा में एयरपोर्ट का निर्माण हो रहा है। टर्मिनल बिल्डिंग के लिए राज्य सरकार ने अपनी तरफ से जमीन मुहैया करायी है। पटना से बिहटा एयरपोर्ट के बीच में कनेक्टिविटी सुगम बनाए रखने के लिए लंबे प्लाई ओवर के निर्माण पर भी विचार चल रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह फ्लाई ओवर जिस जगह पर बना है, वह कितना सुंदर है। बगल में मंदिर है और मस्जिद है। अपने आप में यह संदेश देता है। बायीं तरफ बुद्ध स्मृति पार्क है। 2550वें निर्वाण की स्मृति में यह करूणा स्तूप बनाया गया था, इसमें म्यूजियम है, बोधगया से लाया गया बोधिवृक्ष है। श्रीलंका के अनुराधापुरम में जो सम्राट अशोक ने बोधिवृक्ष

भिजवाया था, वह भी है। श्रावस्ती में बुद्ध के समय जो बोधिवृक्ष लगाया गया था, उसे भी मंगवाकर यहां लगाया गया है और सबके बीच में बुद्ध की प्रतिमा है। इस जगह पर पहले जेल हुआ करता था। इमरजेंसी के समय हमलोग जेल गए थे। इस क्षेत्र में जेल का एक हिस्सा यादगार के रूप में शेष है। बगल में नीचे हमलोगों ने श्री व्हिलर के लिए मुफ्त में पार्किंग की व्यवस्था की है। ऊपर में एक बढ़िया रेस्तरां का निर्माण हों, जिसमें हर तरह का बिहारी व्यंजन उपलब्ध हो और लोग इसका आनंद उठा सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनवरी में 350वां प्रकाश पर्व मनाया गया और अभी 23 से 25 दिसंबर तक शुकराना समारोह का आयोजन किया गया था। 351वां प्रकाश पर्व मनाया गया। जिस तरह बिहार के लोगों ने श्रद्धालुओं को सेवा अर्पित की है चारों तरफ उनकी तारीफ हो रही है। समस्त बिहारवासियों को इसके लिए मैं धन्यवाद देता हूँ। 350वें प्रकाश पर्व की तैयारी के लिए हमलोगों ने सात वर्ष पहले ही सोचा था कि लोग वहां कैसे जा पाएंगे, इसके लिए हमलोगों ने बाईपास के रास्ते ओवरब्रिज बनाया ताकि आसानी से श्रद्धालू इस पर्व में शामिल हो सकें। पटना में वाहनों की संख्या बढ़ रही है, आबादी बढ़ रही है इनकी सुविधा के लिए ध्यान दिया जा रहा है। हमलोग संसाधन उपलब्ध करा रहे हैं और इस पर विभागीय सतर्कता है। अब तो बिहार में जिस तरह निर्माण होना है, मैं आह्वान करता हूँ कि यहां के ही लोग बेहतर क्षमता वाली एजेंसी बनाएं और निर्माण कार्य करें, जिससे यहां रोजगार मिलेगा और यहां का पैसा यहीं के लोगों के बीच में रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अंत में मैं पुल निर्माण निगम और विभाग को इसके लिए बधाई देता हूँ। आप सब यहां इस कार्यक्रम में उपस्थित हुए आप सबको इसके लिए बहुत–बहुत धन्यवाद।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री को पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव श्री अमृत लाल मीणा ने प्रतीक चिह्न भेंट किया।

समारोह को उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, पथ निर्माण मंत्री श्री नंदकिशोर यादव ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर सांसद श्री शत्रुघ्न सिन्हा, विधायक श्री अरूण सिन्हा, विधायक श्री नितिन नवीन, विधायक श्री संजीव चौरसिया, पूर्व विधायक डॉ0 उषा विद्यार्थी, प्रधान सचिव पथ निर्माण श्री अमृत लाल मीणा, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम के अध्यक्ष श्री विनय कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, प्रबंध निदेशक बिहार राज्य पुल निर्माण निगम श्री उमेश कुमार, अभियंता प्रमुख पथ निर्माण श्री लक्ष्मीनारायण दास सहित बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति एवं आमजन उपस्थित थे।

******